कारगिल विजय दिवस मनाया

करौली (नि.स.)। विद्यालय विकास एव प्रबन्धन समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर दो मिनिट का मौन धारण कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए मां भारती के अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र छात्राओं ने शहीदों कि शहादत व देशभक्ति के जयघोष लगा कर वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उप प्रधानाचार्य दिलीप कुमार शर्मा ने कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की वीरता तथा एतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी।सचिव राजेन्द्र दीवान ने विद्यार्थियों को देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीर जवानों कि शौर्य विजय गाथाएं सुनाते हुए कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है जिसमें भारतीय सेना के तीनों अंगो ने अपूर्व समन्वय के साथ पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया और कारगिल की चोटी पर आज के ही दिन तिरंगा फहराकर विजय हासिल की।

शिक्षक केदार शर्मा व विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक माल चन्द ओझा ने किया समवेत स्वर में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

करौली (नि.स.)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग संयुक्त संघर्ष समिति के अधिकारियो कर्मचारियो ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर विभाग को

> ■ जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग संयुक्त संघर्ष समिति के अधिकारियो कर्मचारियो ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

आरडब्लूएसएससी मे परिवर्तित करने के विरोध मे प्रदेश व्यापी आंदोलन की सूचना दी।

करौली जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता परषुराम वर्मा के नेतृत्व मे अधिकारियो,कर्मचारियो से लेकर तकनिकी कर्मचारियो ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि राज्य सरकार कि बजट घोषणा वर्ष 2024 -25 के बिंदु संख्या 190 सेकंड द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के समस्त कार्यक्रम को एवं पेयजल योजना सहित आरडब्ल, ूएसएससी में स्थानांतरण करने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई राज्य सरकार के द्वारा किए गए इस निर्णय के विरोध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी संगठनों द्वारा संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले पूरे राज्य में लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार कि योजना के चलते संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 26 जुलाई से सामूहिक रूप से अवकाश को लेकर जयपुर सहित समस्त जिला स्तर पर राजव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है अगर राज्य सरकार ने 28, जुलाई तक सकारात्मक जवाब नहीं दिया जाता है तो 29 जुलाई से जलदाय विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी जल भवन जयपुर पर एकत्रित होकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेंगे जिसके चलते आमजन को होने वाली परेशानियां की समस्त जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी।

करौली कलेक्ट्रेट परिसर मे प्रदर्शन करते जलदाय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी ।

ईनामी बदमाश गिरफ्तार

धौलपुर । धौलपुर जिले के बाड़ी एडीजे कोर्ट से एक मामले में भी चल रहा था फरारबाड़ी। धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने पुलिस कांस्टेबलों की सटीक सूचना पर गांव चिलीपुरा में छिपे बैठे एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया बदमाश यूपी के सैंया थाने से वांटेड है। वहीं एक वर्ष से बसई डांग पुलिस को भी बदमाश की तलाश थी बसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि पुलिस कांस्टेबल से खास सूचना मिली कि एक वर्ष से फरार चल रहा वारंटी अशोक गांव चिलीपुरा में देखा गया है। जो अपने घर पर छिपा बैठा है। ऐसे में हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह, कांस्टेबल पालिंदर, सतेंद्र, राकेश, डीएसटी टीम के रूपेंद्र, नरेश, शिशुपाल, नारायण, देवराज और गाड़ी चालक राजकुमार के साथ टीम बनाकर गांव चिलीपुरा में जाकर कार्रवाई की। जहां से आरोपी बदमाश अशोक उर्फ बूचा पुत्र केशव गुर्जर को गिरफ्तार किया।गिरफ्त में आए बदमाश अशोक गुर्जर को थाने लाकर जब पूछताछ की तो पता लगा कि वह यूपी के आगरा जिले के सैंया थाने से एक मामले में वांटेड है।

जिसको लेकर यूपी पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनाम रखा है। ऐसे में बदमाश की गिरफ्तारी को लेकर यूपी पुलिस को भी सूचना दी है। इधर आरोपी बदमाश बाड़ी एडीजे कोर्ट से एक मामले में फरार है।

सार-समाचार

25वा कारगिल विजय दिवस मनाया



कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 25वा कारगिल विजय 26 जुलाई 2024 को यूनिट में मनाया गया।

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया कॉलेज एवं आईटीआई कॉलेज, भरतपुर के कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 25वा कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई 2024 को यूनिट में मनाया गया। इस दिवस पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ भूपेंद्र कुमार वर्मा ने एनसीसी कैडेट्स को जीवन में अनुशासन समर्पण एवं देश प्रेम की भावना समाहित करने का संदेश दिया, उन्होंने कहा कि यही मूल्य हमारे समाज और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखेंगे। इस दिवस के मुख्य वक्ता आर्मी के एनसीसी हवलदार मृत्युंजय कुमार ओझा ने कैडेट्स को कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम एवं बलिदान के बारे मे बता कर कैडेट्स के अंदर जोश भरा। उन्होंने कहा भारतीय सेना ने पाक सैनिकों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' चला कर कारगिल विजय हासिल की, इसलिए कारगिल विजय दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत् शहीद हुए वीर जवानों की शहादत और याद में वृक्षारोपण किया गया साथ ही दो मिनट का मौन रख उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एनसीसी पीआई स्टाफ एंथोनी, योगेश कुमार, गजेंद्र सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।

जागरूकता अभियान का आयोजन

भरतपुर (निस)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार संकल्प अभियान अन्तर्गत 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया। महिला अधिकारिता के उपनिदेशक राजेश कुमार ने बताया कि विभागीय योजनाओं आईएम शक्ति, महिला उद्यम प्रोत्साहन योजना, उड़ान योजना एवं शिक्षा सेतु योजना के बारे में जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा वशुमती एवं संसद से पारित तीन नए कानून (01) भारतीय न्याय संहिता 2023, (02) भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023, (03) भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी विधिक परामर्शदाता उमा जैमिनी एवं वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक योगिता शर्मा द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम आयोजन में विशेष सहयोग आरडी गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या सुजाता चौहान का रहा एवं कार्यक्रम का संचालन आरडी गर्ल्स कॉलेज के एन.एस.एस प्रभारी दीवान सिंह द्वारा किया गया।

मंगल कलश शोभायात्रा निकली

पहाड़ी (निस)। उपखण्ड के कस्बा गोपालगढ़ में शुक्रवार को भागवत कथा शुभारम्भ पर भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार कथा वाचक गंगागिरी महाराज के सानिध्य में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा गोपालगढ़ के मुख्य बाजार, पेट्रोल पम्प, गली मौहल्लो सहित विभिन्न मार्गो से होकर निकाली गई। जिसमें महिलाऐ रंग बिरंगे परिधान पहन कर सिर पर मंगल कलश लेकर मंगल गीत गाती चल रही थी। पुरूष, युवा जय घोष लगाते चल रहे थे। बच्चो हाथो मे भगवा पताका लेकर चल रहे थे। भागवत सप्ताह को गंगागिरी महाराज चितोडगढ़ वाले सिर पर लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा अंजनीमाता रोडपर पहुची। जहॉ विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भागवत सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। जिसका दो अगस्त को समापन किया जावेगा। सुरक्षा की दृष्टी से राष्ट्रीय फूले विग्रेड की टीम के साथ साथ भारी सख्या मे ग्रमीण मोजूद थे।

सारस्वत उद्घाटन समारोह मे भाग लेगे

करौली(नि.स.)। हॉकी इंडिया एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य एवं हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष करौली के हिंडौन गेट निवासी अरुण कुमार सारस्वत पेरिस फ्रांस मे आयोजित ओलम्पिक खेलों के उद्धघाटन समारोह मे भाग लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दाती तैय्यब इकराम ने अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी कि सहमति के बाद सारस्वत को हॉकी इंडिया दल का पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर मनोनीत कर ओलम्पिक खेलों मे भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।हॉकी राजस्थान के महासचिव मित्रानंद पूनिया ने बताया कि अरुण कुमार सारस्वत राजस्थान ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष भी है जो ओलम्पिक खेलों मे भाग लेने के लिए नईदिल्ली से पेरिस फ्रांस के लिए रवाना होंगे।

पौधारोपण किया

करौली(नि.स.)। करौली शहर के मंडरायल सड़क मार्ग स्थित जिला कारागृह परिसर में भोजन शाला समिति कि ओर से एक पेड मॉ0 के नाम को लेकर पौधा रोपण किया गया। करौली शहर के वजीरपुर गेट बाहर संचालित श्री राधा मदन मोहन निःशुल्क भोजन शाला समिति कि ओर से जिला कारागृह परिसर में पौधारोपण किया गया इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीना,पुलिस उपाधीक्षक करौली अनुज शुभम,जिला जेल प्रभारी पुरूषोत्तम शर्मा, भोजन शाला समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश जिंदल,अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, सहित कई अन्य सदस्यों एवं पुलिस के जवानों ने परिसर में छायादार, फूल रोपे।

अघोषित बिजली कटोती से लोग हो रहे परेशान

करौली (नि.स.)। विद्युत निगम के अधिकारी,कर्मचारियों की मनमानी माने या लापरवाही माने जिला मुख्यालय स्थित शहर की इन दिनों दिन और रात के समय अघोषित विद्युत कटौती से आमजन त्रस्त है लेकिन निगम के अधिकारी कर्मचारी आमजन की परेशानी की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं कहने को तो करौली जिला मुख्यालय है जहां विद्युत निगम के एक छोटे से कर्मचारियों से लेकर जिला स्तरीय अधिकारी बैठते हैं इनके अलावा जिला प्रशासन के और न्यायिक विभाग के अलावा सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी बैठते हैं ऐसा नहीं है कि जिनको भी शहर की बिगड़ी विद्युत व्यवस्था की जानकारी नहीं हो सब की जानकारी में है लेकिन शहर की बिगड़ी विद्युत व्यवस्था की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं ना ही कोई गंभीरता से ले रहा है जिनकी अनदेखी के चलते शहर की बिगड़ी विद्युत व्यवस्था से शहर का आम जन त्रस्त है।

देखने लायक यह है कि इन दिनों भीषण गर्मी व उमस के चलते आमजन गर्मी से त्रस्त है इस गर्मी के बीच में अघोषित विद्युत कटौती कटे में नमक का काम कर रही है जिस अघोषित विद्युत कटौती के बारे में विद्युत निगम के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों तक कोई मोबाइलों पर फोन कर जानकारी लेना चाहता है तो निगम के अधिकारी कर्मचारी लोगों के मोबाइल तक अटेंड नहीं करते हैं जबकि सरकार ने सख्त निर्देश दे रखे हैं की आमजन की बिजली,पानी आदि की समस्या का तुरंत प्रभाव से निस्तारण करें लेकिन यहां कोई भी अधिकारी आमजन की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है।

आपनो स्वच्छ, स्वस्थ करौली अभियान का शुभारंभ

करौली(नि.स.)। करौली नगर परिषद की सभापति और आयुक्त ने शहर की साफ सफाई को लेकर आपनो करौली स्वच्छ,स्वस्थ करौली अभियान का शुभारंभ किया है। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और नगर परिषद की नवनियुक्त सभापति पूनम पचौरी के निर्देशानुसार नगर परिषद ने गुरुवार से आपनो करौली स्वच्छ, स्वस्थ करौली अभियान की शुरुआत की नगर परिषद आयुक्त,सभापति,वार्ड के पार्षद और सफाई कर्मचारी माथुर स्टेडियम के पास स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचे जहां सभी ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर हाइवे की सड़क पर साफ सफाई करते हुए अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने कहा कि करौली को स्वच्छ और स्वस्थ रखना हम सब कि जिम्मेदारी है उन्होंने बाजारों में दुकानदारों एवं करौली वासियो से अपील करते हुए कहा कि अपने घर और दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थान या कचरा पात्र में ही डालें सड़क या नाली में नहीं फैलाएं जिससे गंदगी बड़े उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा नगर परिषद की सभापति पूनम पचौरी ने कहा कि करौली शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को सुधारने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं।

मंडरायल ब्लॉक मे बैठक का आयोजन

करौली(नि.स.)। मंडरायल ब्लॉक मीटिंग ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई, जिसमें सेक्टर वाइज योजनाओं और कार्यक्रमों के समीक्षा पर प्रगति के निर्देश प्रदान किये तथा मच्छर जनित व मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम की जागरूकता के निर्देश प्रदान किए। ब्लॉक मीटिंग में डिप्टी सीएमएचओ डॉ सतीश चंद मीणा व आरसीएचओ डॉ. राजेश कुमार ने परिवार कल्याण, टीकाकरण, आईनेप, गुणवत्तापूर्ण एमसीएचएन सत्र आयोजन में सुधार के निर्देश प्रदान किए।

सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने बताया कि योजना और कार्यक्रमों की आम जन तक पहुंच में गैप की स्थिति की जानकारी के लिए ब्लॉक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें योजना व कार्यक्रम वाइज सेक्टर की स्थिति को प्रर्दशित किया गया और उन्हें गैप व पेंडेंसी से अवगत कराया गया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. मीणा ने एफपीएलआईएमएस में इंडेन, शक्ति दिवस का आयोजन, मौसमी बीमारियां, एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड वितरण, आभा आईडी बनाने और ई केवाईसी कार्यों में प्रगति के निर्देश प्रदान किये। आरसीएचओ डॉ.राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के अंतर्गत ओपीडी का 80 प्रतिशत मरीजों की जांच करने और मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना 8 इंडिकेटर पर ध्यान देने के निर्देश प्रदान किए तथा एएनसी सेवाओं व एमसीएचएन सत्रों को गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान यूनिसेफ प्रतिनिधि गौरव शर्मा द्वारा मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए संचालित आईनेप कार्यक्रम को गति देने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में बीसीएमओ डॉ. महेश मीना द्वारा सेक्टर वाइज समीक्षा कर एएनसी टीकाकरण, ओडी के एप के माध्यम से मॉनिटरिंग, मिसिंग डिलीवरी, पीटीएस संचालन, मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु समीक्षा, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में क्लेम बुक सहित मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना और मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना से संबंधित स्थिति से रूबरू हुए। बीपीएम यजुर्वेन्द्र तिवारी द्वारा संस्थाओं की स्थिति को रखा।इस दौरान आईईसी लखन सिंह लोधा सीएचसी-पीएचसी प्रभारी सहित एलएचबीए एएनएम और कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

नगर पालिका का दर्जा देने की मांग

सुरौठ । विधानसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी एवं पुर विधायक राजकुमारी के साथ सूरौठ सरपंच प्रतिनिधि के साथ जन प्रतिमंडल सूरौठ संभाग की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सूरौठ को नगर पालिका का दर्जा देने की मांग को लेकर स्वायत शासन मंत्री झावर सिंह खर्रा से मिला।सूरौठ को नगर पालिका बनवाने के लिए हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी, सूरौठ सरपंच पिंकेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद बंटी एवं सरपंच पति रामोतार शर्मा ने मिलकर गुरुवार अपनी मांग रखी मांग की भरतपुर संभाग की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सूरौठ है तथा जिसकी आबादी बीस हज़ार है तथा मतदाता दस हजार ऊपर है।

बारिश से धसे मकानो की नगरपरिषद ने ली सुध

करौली (नि.स.)। लंबे समय में जाकर के गत दिन बुधवार को 5 इंच हुई बरसात से रियासत कालीन परकोटे से बाहर बसी कई कॉलोनीयो मे पानी भरने से मकान धसने और गटर धसने कि शिकायतों पर नगर परिषद सभापति ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से गटर के गढ्ढों को भराकर लोगों को राहत पहुंचाई। इस वर्ष बरसात के सीजन की पहली बरसात गत दिन बुधवार को लगातार 3 घंटे चली जल संसाधन विभाग के अनुसार करौली में 5 इंच बरसात नापी गई जो बरसात के पानी ने बाहरी कॉलोनी को जलमग्न कर दिया और कई कॉलोनीयो के मकानो में पानी भर गया जिससे मकान दरार ले गए और कई जगह गटर के टैंक बैठ गए लोगों के सामने आपदा आ गई आपदा से बचाव के लिए लोगों ने नगर परिषद सभापति को दूरभाष पर जानकारी दी जिस पर नगर परिषद सभापति पूनम पचौरी, सभापति प्रतिनिधि मुकेश पचौरी, नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विलियम शर्मा, आकाश शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारीयो ने कॉलोनी में पहुंचकर बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए जेसीबी मशीन बुलाकर मौके पर खड़े रहकर गटर के गड्ढो को भरवा कर राहत दिलाई इसी के साथ बरसाती पानी के निकास के लिए रास्ता देखे और लोगों को आश्वासन दिया की शीघ्र ही बरसाती पानी से होने वाले नुकसान से बचाव का रास्ता निकालेंगे।

15 संस्थानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भरतपुर (निस)। नगर निगम की ओर से चौराहों, ऐतिहासिक दीवारों पर पैम्पलेट, पोस्टर, होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री अनाधिकृत रुप से लगाने वाले संस्थानों व्यक्तियों के विरुद्ध थाना मथुरा गेट में राज. नगर पालिका अधि0 2009 की धारा 297(क) (सम्पत्ति विरूपण के लिये शास्ति) के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगर निगम राजस्व शाखा प्रभारी की ओर से परिवाद पेश किया गया है। विवेकानन्द कम्पटीशन क्लासेज, डालटन साइन्स केम्पस, राहुल उवार, ज्ञान स्थल एकेडमी, शिखर क्लासेज, बृज एकेडमी, प्रगति कैमिस्ट्री क्लासेज, गैलेक्सी कृषि संस्थान, फ्यूचर टारगेट ट्यूशन क्लासेज, ब्रिटिष इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोकन इंगलिश, वाईपीएसएम हॉम्योपेथिक मेडिकल कॉलेज, मॉसन एजूकेशन, कोन्तेय क्लासेज, सूरजमल एकेडमी, दक्ष कोचिंग आदि के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

आयुक्त रिछपाल सिंह बुरड़क ने बताया कि अनाधिकृत प्रचार सामग्री लगाने वाली संस्थानों को पूर्व में कई बार मौखिक रुप से समझाया गया था लेकिन बार-बार समझाईष के बाद भी प्रचार सामग्री लगाना संस्थानों की ओर से जारी था। जिस पर कार्यवाही की गई। अभी और संस्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। आपैचारिकताऐं पूर्ण करने के बाद उनके विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। आयुक्त बुरड़क ने बताया कि हाल में ही अतिक्रमण दस्ते द्वारा कचरा फेंकने वाले लोगों को चिन्हित करने के निर्देश दिये गये है।

विभिन्न मांगो को लेकर सफाई कर्मचारीयों ने ज्ञापन सौंपा

गंगापुर सिटी । नगर परिषद गंगापुर सिटी के सफाई कर्मचारी शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश पर चले गए। इस दौरान सभी कर्मचारी एक जगह एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन देते हुए कहा कि पूर्व में हुए अनुबंध के तहत

> ■ सभी कर्मचारी एक जगह एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन देते हुए कहा कि पूर्व में हुए अनुबंध के तहत सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।

सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। अध्यक्ष प्रहलाद नरवाल और कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम कलोसिया के नेतृत्व में कर्मचारियों ने बताया कि संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ की 23 जनवरी 2024 को समझौता किया गया था। सफाई कर्मचारियों की भर्ती 6 फरवरी 2024 से प्रारंभ करने और उस वक्त आश्वासन दिया गया था-

सफाई कर्मचारी भर्ती मस्टरॉल के आधार पर एक वर्ष तक जो सफाई कार्य करेगा उसे ही नियुक्ति दी जाएगी। इसके बाद 24 हजार 797 पदों की भर्ती की विज्ञप्ति जारी कर दी, लेकिन इसमें वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों के साथ धोखा किया गया। उन्होंने सफाई कर्मचारी भर्ती के नियमों में बदलाव किए जाने के साथ सफाई कर्मचारी भर्ती प्रैक्टिकल के आधार पर प्रैक्टिकल का समय 1 वर्ष का करने, सफाई कर्मचारी भर्ती प्रैक्टिकल में जो अभ्यार्थी सफाई का कार्य करें, उन्हें कार्य के परिश्रम का भुगतान मस्टरॉल के आधार पर करने, सफाई कर्मचारी भर्ती में प्रक्टिकल में सफल रहे अभ्यर्थियों को एक वर्ष बाद स्थायी कर्मचारी घोषित करने, सफाई कर्मचारी भर्ती में परंपरागत सफाई कार्य से जुडे वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने तथा सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया 2012 के अनुसार वाल्मीकि एवं हेला समाज को सीधी नियुक्ति देने की मांग की। इसके अलावा सफाई कर्मचारी भर्ती में पूर्व में सफाई का कार्य किए गए कार्मिकों को अतिरिक्त बोनस अंक देकर वरीयता देने की मांग की।

पूर्व पार्षद सतीश धमोनिया ने बताया कि सफाई कर्मचारी भर्ती में केवल वाल्मीकि समाज को ही प्राथमिकता दी जाए पूर्व में सफाई कर्मचारी भर्ती में दूसरे वर्गों को शामिल कर लिया गया था, जिसके कारण सफाई कार्य के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी सफाई कार्य नहीं कर दूसरी जगह पर काम कर रहे हैं। यह नियम विरुद्ध है। इस दौरान संघ से जुडे दर्जनों सफाई कर्मचारी शामिल थे।

सामुहिक अवकाश पर रहने के बाद ज्ञापन देने जाते सफाई कर्मचारी।

निर्माण कार्यों की स्वीकृति हेतु जनजाति मंत्री को पत्र लिखकर मांग की

महुवा । महुवा विधायक राजेन्द्र प्रधान नें गुरुवार को विधानसभा में महुवा विधानसभा क्षेत्र में मांडा योजना के अंतर्गत क्षेत्र के राजकीय विद्यालय सहित अन्य संबधित श्रेणी में आने वाले निर्माण कार्यो की स्वीकृति हेतु राजस्थान सरकार के जनजातिय विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराडी को अपने पत्र सख्याँ "284" के माध्यम से लिखते हुये मांग कि है कि विधानसभा क्षेत्र महुवा के ग्राम पंचायत कोट के मुनापुरा स्थित राजकीय विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत हल्दैना स्थित राजकीय विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत जटवाड़ा के सरावली स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपये की स्वीकृति,ग्राम पंचायत जटवाड़ा के नांगल मीणा स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण सहित मुख्य आबादी गांव में सीसी सड़क के निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत ऊकरुंद स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत धौलखेड़ा के वीरासना स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत जटवाड़ा स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत धौलखेड़ा के वीरगांव स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण तथा मुख्य आबादी गांव में सीसी सड़क निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत सालिमपुर स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण तथा मुख्य आबादी गांव में सीसी सड़क निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत खेडला गदाली के टीकरी जाफरान स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत ठेकड़ा के नयागांव स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं मुख्य आबादी में सीसी रोड निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत समलेटी स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण व मुख्य आबादी गांव में सीसी सडक निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति, ग्राम पंचायत हुडला स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं गांव में सीसी सडक निर्माण हेतु पचास लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत हुडला के ग्वारकी स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं गांव में सीसी सडक निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत नौरंगवाड़ा के पीपलीपाड़ा स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं गांव में सीसी निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत नौरंगवाड़ा के मुंडफोडी स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं मुख्य आबादी गांव में सीसी सड़क निर्माण हेतु चालीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत नौरंगवाड़ा स्थित राजकीय विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत नौरंगवाडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मरम्मत कार्य हेतु बीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत गगवाना के मिर्जापुर स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत गगवाना स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत खौचपुरी के सायपुर स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत खौचपुरी के प्यारा का नंगला स्थित राजकीय विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं मुख्य आबादी गांव में सीसी सडक निर्माण हेतु चालीस लाख की स्वीकृति,ग्राम पंचायत खेडला गदाली के लालपुर स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत पलानहेडा के मोहनपुर स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति, ग्राम पंचायत सांथा स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति, ग्राम पंचायत औण्ड मीना में स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत खौहरा मुल्ला स्थित राजकीय विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत हेतु बीस लाख रुपए की स्वीकृति,ग्राम पंचायत सायपुर पाखर-2 के जैतपुर स्थित विद्यालय में लाइब्रेरी निर्माण हेतु दस लाख रुपए की स्वीकृति, की मांग रखी है।